फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री भंवर सिंह निवासी नन्दावट, टोगी तहसील भीम जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 18/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.04.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांक :– एफ.1()सू0अ0,05/2025/244 दिनांक 11.03.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलान्ट का आवेदन पत्र जरिये ऑनलाईन पोर्टल से दिनांक 19.01.2025 का सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत इस कार्यालय को 19.01.2025 को प्राप्त हुआ है। आरटीआई आवेदन के बिन्दु संख्या 01 में जो सूचना अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध में प्रार्थी द्वारा पूर्व में प्रेषित ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 244385518156599 में चाही गई सूचना से संबंधित है इस हेतु उक्त आवेदन को प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग कार्या. हाजा की होने से इस कार्यालय द्वारा अपीलार्थी का आरटीआई आवेदन संबंधित अनुभाग को सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 6(3)(1)(2) में भू–अभिलेख अनुभाग को अन्तरण करते हुए प्रेषित किया गया। अतः प्रार्थी के आरटीआई आवेदन से चाही गई सूचना इस कार्यालय की नहीं होकर प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग कार्या. हाजा की होने से समयावधि में अन्तरण की गई। प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख अनुभाग कलक्ट्रेट राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः–प–14 ()भू–अ0/25/2223 दिनांक 24.03.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी श्री भंवरसिंह पिता नैनुसिह निवासी नन्दावट तहसील भीम जिला राजसमन्द का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ उक्त आवेदन पत्र के क्रम में निवेदन है कि प्रार्थी की सूचना के बिन्दु संख्या 1 व 2 की सूचना इस कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर तैयार कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक प–14 ( )भू–अ0/24/138 दिनांक 10.01.2025 निर्धारित शुल्क	

8/4/25

184/– रूपये जमा कराने हेतु प्रार्थी को लिखा गया, प्रार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कराने पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1344–45 दिनांक 14.02.2025 व पत्र क्रमांक 1367–68 दिनांक 17.02.2025 से प्रार्थी के पत्ते पर प्रतिलिपियॉ भिजवायी गयी गई है, अतः इस कार्यालय द्वारा ओर कोई सूचना दिया जाना शेष नहीं है।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी बिन्दु संख्या 1 से 2 के संबंध में प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख कलक्ट्रेट राजसमन्द द्वारा कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर जरिये कार्यालय के पत्र क्रमांक 1344–45 दिनांक 14.02.2025 व पत्र क्रमांक 1367–68 दिनांक 17.02.2025 से अपीलार्थी के पत्ते पर भिजवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द एवं लो.सू.अ. प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख, कलक्ट्रेट राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

8/4/25

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद